# यूपी में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देगी यूपी सरकार

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश के प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास राहुल भटनागर ने कहा है कि सरकार चीनी मिलों को सह उत्पादों के जरिये लाभ की स्थिति में लाने के पूरे प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गन्ने की खोई से बिजली उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

गुरुवार को यहां गन्ना किसान संस्थान में 'गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग-वर्तमान चुनौतियां एवं विकल्प' विषय पर आयोजित कार्यशाला के दौरान पत्रकारों से बातचीत में श्री भटनागर ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक 1200 मेगावाट बिजली चीनी मिलों द्वारा अकेले यूपी में ही पैदा की जा रही है। इसी क्रम में शीरे से एथेनॉल के उत्पादन को और बढ़ावा दिया जाएगा। पेट्रोल चलित वाहनों के लिए इस्तेमाल हो रहे ईंधन में एथेनॉल मिलाया जाता है। और अभी यूपी में जितना एथेनॉल बनता है, वह सारा का सारा खप जाता है। ब्राजील का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां जब चीनी का स्टाक ज्यादा बढ़ जाता है और चीनी के दाम गिरने लगते हैं तो मिलों द्वारा चीनी का उत्पादन कम करके एथेनॉनाल का उत्पादन बढ़ाया जाता है। ऐसा अपने प्रदेश में भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि चालू पेराई सत्र में किसानों को देय गन्ना मूल्य पर जो ब्याज लग रहा है, उससे चीनी मिलों को राहत देने के लिए विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजार में चीनी के दाम लगातार गिरते जा रहे हैं।

media/LKO/077/2015

हिन्दुस्तान
लखनऊ • शुक्रवार • 01 मई 2015